जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2021/799 दिनांक : 27/05/2021

/ / अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **M.B.A. (Full Time) IVth Semester (For College Regular/Ex & ATKT Students) Exam June 2021** की परीक्षाओं में सम्मिलित वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं :–

1	परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	10-06-2021
2	परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	11-06-2021

परीक्षार्थियों से निम्नानुसार परीक्षा शुल्क लिया जाना है :–

परीक्षा	नियमित	भूतपूर्व	बैक पेपर
M.B.A. (Full Time) IVth Semester	2040/–	2340/–	600/– प्रति पेपर

महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के लिए –

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/– रू. भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 80/– रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/– रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। जिसमें से नियमित परीक्षार्थी 145/– रू. तथा भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 165/– रू. की राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा शेष अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 215/– रू. प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।

परीक्षा के आवेदन-पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें आप एम0पी0ऑनलाईन के G2G लॉगिन आइडी से महाविद्यालय Approved के उपरांत डाउनलोड कर कर परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।

नोटः– परीक्षा आवेदन ऑनलाईन होने के पश्चात् तत्काल प्रभाव से समस्त छात्रों के आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अवश्य करें। आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन न होने की स्थिति में छात्र का प्रवेश–पत्र ऑनलाईन अपडेट नहीं किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

विशेष नोट :- संबंधित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि कोविड के समय में जनता कर्फ्यू के कारण म.प्र. ऑनलाइन कियोस्क बन्द होने की वजह से प्राचार्यो की जिम्मेदारी रहेगी कि समय रहते ऑनलाइन पेमेन्ट के माध्यम से अपने सारे छात्रों को नियत तिथि तक परीक्षा आवेदन-पत्र भरवायें एवं छात्रों के नामांकन नं. के द्वारा आवेदनपत्र अनुमोदन करने के पश्चात महाविद्यालय अपने इंटरनेट बैंकिग, यूपीआई, अथवा छात्र/महाविद्यालय अपने घर/कार्यालय से स्वयं के अपने मोबाइल द्वारा आवेदन पत्र की लिंक पर भुगतान कर सकता है।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. विभागाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. प्राचार्य, समस्त संबंधित महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीविवि, ग्वालियर
8. इंचार्ज इंटरनेट, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0/उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)